**दिनांक-25.12.2024** **समय-7.10एएम**

**प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी, भोपाल**

**प्रात:कालीन समाचार**

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज देश की पहली नदी जोड़ो केन-बेतवा परियोजना का करेंगे शिलान्यास।
- भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती आज सुशासन दिवस के रूप में मनाई जा रही है।
- राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने पांच राज्यपालों की नियुक्ति की।
- भोपाल रेलवे स्टेशन पर शुरू हुआ इमरजेंसी मेडिकल रूम।

अब समाचार विस्तार सेः-

प्रधानमंत्री-खजुराहो

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पूर्व प्रधानमंत्री भारत-रत्न से सम्मानित स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर मध्यप्रदेश के खजुराहो में देश की पहली महत्वाकांक्षी और बहुउद्देशीय केन-बेतवा राष्ट्रीय नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री देश की पहली ओंकारेश्वर फ्लोटिंग सौर परियोजना का लोकार्पण और 1 हजार 153 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भी भूमि-पूजन करेंगे। श्री मोदी, स्व. वाजपेयी की स्मृति में स्टॉम्प और सिक्का भी जारी करेंगे। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। प्रस्तुत है

**वीसी-संजीव शर्मा**

प्रधानमंत्री श्री मोदी आज दोपहर करीब 12 बजे खजुराहो आयेंगे और दोपहर ढाई बजे दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

देश की प्रथम केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना पर अमल के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की उपस्थिति में मध्यप्रदेश और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री के मध्य 22 मार्च 2021 को त्रिपक्षीय सहमति ज्ञापन हस्ताक्षरित किया गया था। इस परियोजना की लागत राशि 44 हजार 605 करोड़ रूपये है। परियोजना का 90 प्रतिशत खर्च केन्द्र सरकार और 10 प्रतिशत राज्य सरकारों द्वारा उठाया जाएगा है। इस परियोजना से 8 लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सिंचाई सुविधा मिलेगी। वहीँ, मध्यप्रदेश के 10 जिले के 2 हजार ग्रामों के लगभग 7 लाख से ज्यादा किसान परिवार लाभान्वित होंगे।

केन-बेतवा लिंक राष्ट्रीय परियोजना 10 जिलों की 44 लाख आबादी को पेयजल की सुविधा भी उपलब्ध कराएगी। इस परियोजना से 103 मेगावाट जल विद्युत एवं 27 मेगावाट सौर ऊर्जा का उत्पादन होगा। सबसे

अहम् बात यह है कि इससे सूखाग्रस्त बुंदेलखण्ड क्षेत्र में भूजल स्तर की स्थिति में सुधार, औद्योगीकरण, निवेश एवं पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे।

मुख्यमंत्री-स्व. वाजपेयी पुण्य स्मरण

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती पर उनका पुण्य स्मरण किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्व. वाजपेयी ने नदी जोड़ो परियोजना का स्वप्न देखा था, जिसे प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने साकार करने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कल भोपाल में मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि स्व. वाजपेयी की 100वीं जयंती पर महत्वाकांक्षी केन-बेतवा नदी जोड़ो परियोजना का शिलान्यास प्रधानमंत्री श्री मोदी के कर-कमलों से हो रहा है। इस परियोजना से प्रदेश की अर्थव्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन आएगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दीनदयाल परिसर में भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म शताब्दी वर्ष पर एक चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ कर अवलोकन किया।

ग्वालियर गौरव दिवस

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती आज "ग्वालियर गौरव दिवस" के रूप में मनाई जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस अवसर पर जिले की 8 विभूतियों को ग्वालियर गौरव सम्मान प्रदान करेंगे। ग्वालियर गौरव दिवस के आयोजन में सुप्रसिद्ध गायक सुरेश वाडकर और उनके बैंड की प्रस्तुतियाँ दी जाएगी। समारोह में अटल जी के जीवन चरित्र पर केन्द्रित एक लघु फिल्म भी दिखाई जायेगी। साथ ही प्रदर्शनी भी लगेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा पिछले साल ग्वालियर दुर्ग पर आयोजित ताल दरबार कार्यक्रम के दौरान की गई घोषणा के अनुपालन में ग्वालियर गौरव दिवस के अवसर पर तबला दिवस भी मनाया जायेगा।

राज्यपाल-सुशासन शपथ

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जसंती देशभर में आज सुशासन दिवस के रूप में मनाई जा रही है। सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में कल राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने राजभवन के अधिकारी-कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई। उन्होंने सुशासन शपथ का निष्ठा के साथ पालन करने के निर्देश भी दिए।

राजधानी स्थित मंत्रालय में भी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने मंत्रालय के सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में अधिकारी और कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई। इस अवसर पर मुख्य सचिव अनुराग जैन सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित थे।

राष्ट्रपति-राज्यपाल

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने पांच राज्यपालों की नियुक्ति की है। पूर्व केंद्रीय मंत्री जनरल वी.के. सिंह को मिज़ोरम का राज्यपाल बनाया गया है। मिज़ोरम के राज्यपाल डॉ. हरि बाबू कंभमपति अब ओडिशा के राज्यपाल होंगे। ओडिशा के राज्यपाल रघुबर दास के इस्तीफे के बाद श्री कंभमपति को वहां का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

वहीं बिहार के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर को केरल का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वे आरिफ मोहम्मद खान का स्थान लेंगे जिन्हें अब बिहार का राज्यपाल बनाया गया है।

इसी क्रम में पूर्व गृह सचिव अजय कुमार भल्ला को मणिपुर का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस

राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के मौके पर कल प्रदेशभर में कई आयोजन किए गए। यह महत्वपूर्ण दिन उपभोक्ता अधिकारों और व्यवसाइयों की अपने ग्राहकों के प्रति जिम्मेदारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाता है। 2024 के लिए इस दिन की थीम आंतरिक शांति, वैश्विक सद्भाव रही।

प्रदेश के निवाड़ी जिले में भी राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाल में जिला कलेक्टर ने कहा-

मुरैना में भी उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के संरक्षण के लिए  नियम और कानूनों की जानकारी दी गई। राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के अवसर पर खाद्य, आपूर्ति  एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा आयोजित संगोष्ठी में उपभोक्ता अधिकारो के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। प्रदेश के अन्य जिलों से भी राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस मनाए जाने के समाचार मिले हैं।

इमरजेंसी मेडिकल रूम-भोपाल

भोपाल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 पर कल मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी द्वारा "इमरजेंसी मेडिकल रूम" का उद्घाटन किया गया। यह सुविधा भोपाल रेल मंडल और अथर्व ज्योति हॉस्पिटल के सहयोग से शुरू की है। इस इमरजेंसी मेडिकल रूम का उद्देश्य यात्रियों को आपातकालीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में त्वरित और प्रभावी सहायता दी जा सके। इस इमरजेंसी मेडिकल रूम में यात्रियों को विभिन्न चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

भारत-वेस्टइंडीज वनडे

महिला क्रिकेट में भारत ने कल दूसरे एक दिवसीय मैच में वेस्टइंडीज को 115 रन से हराकर तीन मैचों की आईसीसी चैम्पियनशिप श्रृंखला  में दो-शून्य की अपराजय बढ़त हासिल कर ली।

वडोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में भारत के 359 रन के विशाल लक्ष्य के जवाब में वेस्टइंडीज की पारी 46 ओवर और दो गेंदों में  243 रन पर सिमट गई। भारत की ओर से प्रिया मिश्रा ने तीन और दीप्ति शर्मा,

प्रतिका रावल और टाइटस साधु ने दो-दो विकेट लिए। वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज ने 109 गेंदों में 106 रन की शतकीय पारी खेली। लेकिन वेस्टइंडीज को जीत नहीं दिला पाई।

रविवार को इसी मैदान पर पहले एक दिवसीय मुकाबले में भारत ने वेस्टइंडीज़ को 211 रन से हराया था। तीसरा वनडे इस महीने 27 दिसंबर को खेला जाएगा।

-------------